KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

स्वतंत्र भारत में राजनीति

अध्याय - 5

कांग्रेस प्रणाली चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना

भाग - 5

Satyaveer Yadav

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. 1967 के चुनावों के बारे में निम्नलिखित में कौन-कौन स

(क) कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में विजयी रही, लेकिन कई राज्यों में विधानसभ के चुनाव वह हार गयी।

(ख) कांग्रेस लोकसभा के चुनाव भी हारी और विधानसभा के भी।

(ग) कांग्रेस को लोकसभा में बहुमत नहीं मिला, लेकिन उसने दूसरी पार्टियों के समथन से एक गठबंधन सरकार बनायी।

(घ) कांग्रेस केन्द्र में सत्तासीन रही और उसका बहुमत भी बढ़ा।

उत्तर – (क) सही (ख) गलत

(ग) गलत (घ) सही

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

2. निम्नलिखित का मेल करें:

(क)	सिंडिकेट	(i)	कोई निर्वाचित जन-प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से जीता हो, उस पार्टी को छोड़कर अगर दूसरे दल में चला जाये।
(ख)	दल-बदल	(ii)	लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाला एक मनभावन मुहावरा।
(ग)	नारा	(iii)	कांग्रेस और इसकी नीतियों के खिलाफ अलग अलग विचारधाराओं की पार्टियों का एकजुट होना।
(घ)	गैर-कांग्रेसवाद	(iv)	कांग्रेस के भीतर ताकतवर और प्रभावशाली नेताओं का एक समूह।

उत्तर : (क) → (iv), (ख) → (i), (ग) → (ii), (घ) → (iii)

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. निम्नलिखित नारे से किन नेताओं का संबंध है :

(क) जय जवान, जय किसान

(ख) इंदिरा हटाओ।

(ग) गरीबी हटाओ।

उत्तर :

(क) लाल बहादुर शास्त्री

(ख) सिंडिकेंट समूह।

(ग) इंदिरा गांधी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. 1971 के 'ग्रैंड अलायंस' के बारे में कौनसा कथन ठीक है?

(क) इसका गठन गैर-कम्युनिस्ट और गैर-कांग्रेसी दलों ने किया था।

(ख) इसके पास एक स्पष्ट राजनीतिक तथा विचारधारात्मक कार्यक्रम था।

(ग) इसका गठन सभी गैर-कांग्रेसी दलों ने एकजुट होकर किया था।

उत्तर : (क)

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

5. किसी राजनीतिक दल को अपने अंदरूनी मतभेदों का समाधान किस तरह करना चाहिए? यहां कुछ समाधान दिए गए हैं। प्रत्येक पर विचार कीजिए और उसके सामने उसके फायदों और घाटों को लिखिए।

(क) पार्टी के अध्यक्ष द्वारा बनाए गए मार्ग पर चलन।

(ख) हरेक मामले पर गुप्त मतदान करना।

(ग) पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं से सलाह करना।

उत्तर : फायदा :-

(क) अध्यक्ष के बताए गए मार्ग पर चलने से दल में 'एकता एवं अनुशासन' बना रहता है।'

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ख) बहुमत की राय से पार्टी के सदस्यों के बीच विश्वास बना रहता है और आंतरिक लोकतंत्र मजबूत होता है।

(ग) गुप्त मतदान निर्णय लेने का सबसे उपयुक्त तरीका है। यह सबसे अधिक लोकतांत्रिक है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी अभिव्यक्ति देता है।

(घ) निर्णय लेने में नए और कम अनुभवी दल के सदस्यों को अनुभवी नेताओं से सलाह लेने पर तुलनात्मक रूप से अधिक फायदा मिलता है। सही व दूरदर्शी निर्णय लेने में अनुभवी नेताओं की सलाह उपयोगी रहती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

घाटा :-

(क) संभव है कि अध्यक्ष बाकी सदस्यों की मत जाने बिना एकतरफा सब पर अपना निर्णय थोपे। इससे आंतरि कोष उत्पन्न हो सकता है।

(ख) बहुमत की राय पर अमल करने से पार्टी के भीतर दलबंदी बढ़ सकती है। ऐसे में एक दल दूसरे दल को कमजोर करने की कोशिश करता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ग) गुप्त मतदान केद्वारा कई बार दल के सदस्य पार्टी अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये। 'व्हिप' की अनदेखी कर देते हैं। ये पार्टी के लिए घातक साबित हो सकता है।

(घ) हर एक निर्णय वरिष्ठ नेताओं की सलाह से लेने से पार्टी की शक्ति उनके आस पास ही केन्द्रित हो जायेगी। कई बार वरिष्ठ नेता नव-परिवर्तनों की उपेक्षा भी करते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

6. निम्नलिखित में से किसे/किन्हें 1967 के चुनावों में कांग्रेस की हार के कारण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है? अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क दीजिए।

(क) कांग्रेस पार्टी में करिश्माई नेता का अभाव।

(ख) कांग्रेस-पार्टी के भीतर टूट।

(ग) क्षेत्रीय, जातीय और साम्प्रदायिक समूहों की लाभबंदी को बढ़ाना।

(घ) कांग्रेस पार्टी के अंदर मतभेद।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर :

(क) नेहरू के बाद प्रथम बार कांग्रेस ने चुनावों का सामना किया था। एक करिश्माई नेता अभाव हार के कारणों में एक माना जा सकता है।

(ख) गैर कांग्रेसी दलों ने कांग्रेस के खिलाफ एकजुटता की थी। अलग अलग विचारधाराओं वाले दल भी कांग्रेस को हटाने के लिए एकजुट हो एक मंच पर आ गये थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ग) कांग्रेस पार्टी के भीतर मतभेद थे, कांगेस के अंदर गुटबंदी की पूरी झलक पार्टी के उम्मीदवारों के चन में प्रतिबिंबित होती थी। बहुत से कांग्रेसियों को भेदभावपूर्ण तरीके से टिकट से वंचित रखा गया। अब इन उम्मीदवारों ने राज्य स्तरीय विक्षुब्ध गुटों के सदस्य के रूप में कांग्रेस के प्रत्याशियों के खिलाफ खड़े होने का निर्णय लिया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

7. 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी?

उत्तर : 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार निम्न कारणों से लोकप्रिय हुई –

(i) 'गरीबी हटाओ' अभियान

(ii) प्रिवीपर्स की समाप्ति

(iii) बैंकों का राष्ट्रीयकरण

(iv) ग्रामीण भू-स्वामित्व और शहरी संपदा का परिमीपन

(v) सामाजिक व आर्थिक विषमताओं व असमानताओं की समाप्ति

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(vi) भूमिहीन किसानों के लिए सुविधायें।

(vii) दलित व आदिवासियों के लिए विशेष कार्यक्रम

(viii) भारत-पाक युद्ध में विजय

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

8. 1960 के दशक की कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में 'सिंडिकेट' का क्या अर्थ है? सिंडिकेट में कांग्रेस पार्टी में क्या भूमिका निभाई।

उत्तर : 1960 के दशक में कांग्रेस के भीतर ताकतवर व प्रभावकारी नेताओं के समूह को 'सिंडिकेट' के नाम से जाना जाता था।

इस संगठन के नेताओं का कांग्रेस पार्टी पर नियंत्रण था। लाल बहादुर शास्त्री व इंदिरा गांधी 'सिंडिकेट' के सहयोग से ही प्रधानमंत्री बने थे।

सरकार के नीति निर्धारण व क्रियान्वयन में सिंडिकेट की अहम भूमिका रही।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

9. कांग्रेस पार्टी किन मसलों को लेकर 1969 में टूट की शिकार हुई?

उत्तर : 1967 के चुनाव के बाद कांग्रेस के बीच आंतरिक स्तर पर सत्ता संघर्ष प्रारम्भ हो गया था।

कांग्रेस में 'सिंडिकेट' समूह सरकार पर नियंत्रण करना चाहता था परन्तु इंदिरा गांधी धीरे धीरे अपना नियंत्रण सरकार पर बनने के प्रयास में लगी थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में 'सिंडिकेट' समर्थक एन. संजीव रेड्डी को कांग्रेस के अधिकारिक उम्मीदवार के सामने इंदिरा गांधी ने अपने स्वतंत्र उम्मीदवार डॉ. वी. वी. गिरि को खड़ा किया एवं उनकी जीत भी निश्चित की।
- इंदिरा गांधी को पार्टी से निकाला गया।
- कांग्रेस टूट की शिकार हुई।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

10. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :

इंदिरा गांधी ने कांग्रेस को अत्यंत केन्द्रीकृत और अलोकतांत्रिक पार्टी संगठन में तब्दील कर दिया, जबकि नेहरू के नेतृत्व में कांग्रे शुरूआती दशकों में एक संघीय, लोकतांत्रिक और विचारधाराओं के समाहार का मंच थी। नयी और लोकलुभावन राजनीति ने राजनीतिक विचारधारा को महज चुनावी विमर्श में बदल दिया। कई नारे उछाले गये, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि उसी के

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अनुकूल सरकार की नीतियां भी बनानी थीं - 1970 के दशक के शुरूआती सालों में अपनी बड़ी चुनावी जीत के जश्न के बीच कांग्रेस एक राजनीतिक संगठन के तौर पर मर गयी।

(क) लेखक के अनुसार नेहरू और इंदिरा गांधी द्वारा अपनायी गयी रणनीतियों में क्या अंतर था?

(ख) लेखक ने क्यों कहा कि सत्तर के दशक में कांग्रेस 'मर गई'?

(ग) कांग्रेस पार्टी में आए बदलावों का असर दूसरी पार्टियों पर किस तरह पड़ा।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर :

(क) नेहरू के समय कांग्रेस एक संघीय लोकतांत्रिक और विचारधाराओं को समाहित करने वाली पार्टी थी जबकि इंदिरा गांधी के समय यह अत्यंत केन्द्रीकृत और अलोकतांत्रिक दल बन गया था।

(ख) सत्ता के दशक में कांग्रेस के पास लोक लुभावन नारे थे एवं वोट तथा सत्ता की राजनीति थी। इसलिए लेखक ने कहा कि सत्तर के दशक में कांग्रेस 'मर गयी'।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ग) 1967 के चुनावों में गैर कांग्रेसवाद की राजनीति का प्रारम्भ हो गया तथा 9 राज्यों में गैर कांग्रेस सरकारें बनी। 1971 के चुनावों में भी कांग्रेस के विरूद्ध मुख्य विरोधी दलों ने 'ग्रैंड अलाइंस' बनाया